# भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान,
# खण्डवा रोड, इंदौर-452001

फाइल क्रमांक: प्रेस एवं पब्लिसिटी@प्रेस नोट/ **2020**/14 दिनांक :**16.12.2020**

## भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा-2020 का उद्घाटन

भारत सरकार तथा भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद, नई दिल्ली से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन में भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान में दिनांक 16 से 31 दिसम्बर 2020 के दौरान आयोजित किये जाने वाले "स्वच्छता पखवाड़ा-2020" के उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 16.12.2020 को वर्चुअल-ऑन लाइन माध्यम से ज़ूम एप्प पर किया गया. इस स्वच्छता पखवाड़े के उद्घाटन कार्यक्रम के शुभारम्भ में संस्थान की निदेशक डा. नीता खांडेकर द्वारा समस्त कर्मचारियों स्वच्छता शपथ दिलाई गई. इस अवसर पर अपने संक्षिप्त उद्बोधन में उन्होंने कहा कि हम सभी को न केवल अपने कार्यस्थल, बल्कि अपने आस-पास के सभी सार्वजानिक स्थानों को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने हेतु अपने स्तर पर उचित प्रयास करना चाहिए एवं साथ-साथ अन्य लोगो को भी स्वच्छता के बारे मे जागरूक करना चाहिए. उन्होने वर्तमान मे कोविड-19 महामारी की समस्या का सामना करने हेतु हम सभी को स्वयं तथा अन्य लोगो को भी जागरूक करने की आवश्यकता दर्शायी. अतः इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अपने मुख्यालय एवं कार्यालय प्रमुख द्वारा जारी किये गए दिशा निर्देशो का अनुपालन करना चाहिए तथा उचित एवं सकारात्मक व्यवहार से इस महामारी से बचाव किया जा सकता है.

इस उद्घाटन समारोह के अवसर पर संस्थान डॉ. देवेन्द्र प्रताप यादव ने कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए इस सम्पूर्ण माह के दौरान आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमो/प्रतियोगिताओ के बारे मे जानकारी प्रस्तुत की जैसे "स्वच्छता एवं कोविड-19 उचित व्यव्हार" पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता, श्रमिकों एवं सफाई कर्मियों का स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, "स्वछता, कोविड-19 एवं उचित व्यवहार" पर विशेष व्याख्यान, सेनीटाइज़र्स एवं फेस मास्क का सफाई एवं सुरक्षा कर्मियो को वितरण, किचन से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे का पृथक निपटान तथा खाद हेतु उपयोग, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रतिबन्ध आदि. इन गतिविधियों/प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाले संसथान के कर्मचारियों को इस स्वछता पखवाड़े के समापन समारोह पर पुरस्कृत किये जाने की भी जानकारी दी गयी.

|  |  |
|---|---|

संलग्नक: छायाचित्रों की सॉफ्ट कॉपी अटैचमेंट के रूप में